शुभकामना नए वर्ष की -

प्रभु, मत देना कोई आपदा!

डा. घनश्याम बादल

हे प्रभु देना, मत देना, तुम दौलत, शौहरत, संपदा,
पर न देना प्रभु नए साल में कोई जलजला,आपदा,
सब रहें खुश, स्वस्थ, औ मंगल हो सबका सभी का,
नए साल का नया दिन,हर दिन हो जैसे नई प्रतिपदा।
हे प्रभु, मत देना कोई आपदा !

मालूम है नहीं बरसाओगे रोटियां, तुम आसमान से,
रोटी तो कमानी ही पड़ेगी इस जहान, में जहान से,
बस, बच्चों के सर से न हटे साया अब कहीं गरीबों के,
चला देना चक्र मुसीबतों पर अपना, भांज लेना गदा,
हे प्रभु मत देना कोई आपदा !

दे देना सद्बुद्धि तख्त पर बैठे सख़्त लोगों को,
दो वक्त की रोटी दे ही देना कमबख़्त लोगों को,
सोचे आखिरी आदमी के बारे में पहला आदमी,
बरसाना अपनी रहमत राम, रहीम,जीसस खुदा ।
हे प्रभु, मत देना कोई आपदा !

साल भर सुनें हम मंगल गीत,शुभ के आगत के,
साल भर सजाएं तोरण द्वार, शुभ के स्वागत के,
सालभर खनकती रहे हंसी लबों पर सुन मेरे रब्बा,
करते रहें तेरा शुक्रिया ‘बादल’ हम रात दिन अदा,
हे प्रभु, मत देना कोई आपदा !

मिलता रहे आदमी से आदमी, दिल में हो आदमी,
आदमी की आदमी हो मंजिल, साहिल हो आदमी,

नफरतें, दहशतें, वहशतें, मोहब्बत से हारें साल भर,

और दुनिया में रहे यह माहौल सर्वदा, हमेशा, सदा।

हे प्रभु, मत देना कोई आपदा !

WEBSITE- nayigoonj.com
Email address - goonjnayi@gmail.com
WHATSAPP NO. 91-9785837924